सं.ए. 20011/30/2018-हिंदी Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:- 09 सितम्बर, 2025

## परिपत्र/CIRCULAR

**विषय: समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार में हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा वर्ष- 2025 (15 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक) के आयोजन हेतु।**

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्रों में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर दिनांक 15 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान हिन्दी कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

| तिथि | कार्यक्रम |
|---|---|
| 15-09-2025 | उद्घाटन समारोह (समय: पूर्वाह्न 11.00 बजे से) |
| 16-09-2025 | आशु भाषण प्रतियोगिता (समय: अपराह्न 03.00 से ) |
| 17-09-2025 | समन्वय निदेशालय के कार्मिकों के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता/ अनुभागों का निरीक्षण (कार्यालय समय पर) |
| 18-09-2025 | अधिकारियों के लिए टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता (समय: अपराह्न 03.00 से ) |
| 19-09-2025 | हिंदी कार्यशाला का आयोजन (समय: अपराह्न 03.00 से) |
| 22-09-2025 | कर्मचारियों के लिए टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता (समय: अपराह्न 03.00 से) |
| 23-09-2025 | राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (समय: अपराह्न 03.00 से) |
| 24-09-2025 | देखो और लिखो प्रतियोगिता (समय: अपराह्न 03.00 से) |
| 25-09-2025 | अनुभागों का निरीक्षण (कार्यालय समय पर) |
| 26-09-2025 | अनुभागों का निरीक्षण (कार्यालय समय पर) |
| 30-09-2025 | पुरस्कार वितरण, समापन समारोह एवं कवि सम्मलेन<br>(समय: अपराह्न 03.00 से ) |

अभिषेक यादव
09/09/2025

2. प्रतियोगितओं के लिए दिशा निर्देश :-

1. उद्घाटन समारोह , समापन समारोह एवं सभी प्रतियोगितओं का आयोजन सम्मलेन कक्ष, 7वे तल, समन्वय निदेशालय में किया जायेगा |
2. इन प्रतियोगितओं में दिल्ली स्थित समन्वय निदेशालय के अधीन सभी कार्यालयों के कार्मिक भाग ले सकते है |
3. आशु भाषण प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को एक बॉक्स में से एक चिट निकलना होगा जिसमे जो विषय आएगा उसपर 3 मिनट बोलना है |
4. दिल्ली स्थित सभी कार्यालयों के कार्मिकों के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन नामांकन के आधार पे किया जाएगा । यदि कम से कम 10 बच्चों के भाग लेने का नामांकन पाप्त होगा तब ही इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । 10 से कम नामांकन प्राप्त होने पर इस प्रतियोगिता को रद्द कर दिया जाएगा एवं इसके स्थान पर कार्यालय के अनुभागों का निरीक्षण किया जायेगा |
5. राजभाषा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में 3-4 कार्मिको के अलग-अलग ग्रुप बनाए जाएँगे और राउंड वाइज राजभाषा एवं हिंदी से संबंधित प्रश्न पूछे जाएँगे |
6. देखो और लिखो प्रतियोगिता में स्क्रीन पर एक चित्र प्रदर्शित किया जाएगा जिसके ऊपर सभी प्रतिभागियों को लिखना होगा ।
7. सभी प्रतियोगितओं में निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा |

3. समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के अधीन सभी अंतर राज्य पुलिस केन्द्रों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने कार्यालय में हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करे एवं बैनर इत्यादि प्रदर्शित करें | हिंदी पखवाड़े के दौरान सभी कार्यक्रमों/बैनर के छायाचित्र(फोटोज) दैनिक आधार पर मुख्यालय को ईमेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें |

4. निदेशालय, केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली एवं पोलनेट हब, नई दिल्ली के समस्त अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने अनुभाग/कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें ताकि हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन सफलतापूर्वक करवाया जा सके।

5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

अभिषेक यादव
03/09/2025
(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक महोदय के निजी सचिव: कृपया सादर सूचनार्थ।
2. अपर निदेशक (मुख्यालय/संचालन) महोदय के निजी सचिव: कृपया सादर सूचनार्थ।
3. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक
4. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे.
5. संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वंदे मातरम मार्ग, नई दिल्ली
6. सहायक निदेशक, पोलनेट हब, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली
7. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र प्रभारी: विभाग की वेबसाईट के माध्यम से।
8. सूचना व प्रौधोगिकी अनुभाग (वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु)